ndif]>

Title: Need to send a Central Team to Khagaria Parliamentary Constitutency in Bihar to Chalk out a plan to check recurring floods.

श्री शकुनी चौधरी (खगड़िया): लोक सभा क्षेत्र खगड़िया बिहार में नौ बड़ी-बड़ी नदियां गुजरती हैं और वर्ष १९९८ की भारी बाढ़ के कारण इस क्षेत्र में गंगा, कोसी, गंडक, वागमती, काली कोसी, करैत आदि नदियों से क्षेत्र के सभी तटबंध पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं और हजारों घर बर्बाद हो गए, लाखों की खड़ी फसल केला एवम् मकई बर्बाद हो गई हैं।

अतः सरकार से आग्रह है कि सभी नदियों का तटबंध अविलम्ब सुदृढ़ करने, किसानों को फसल का प्रति एकड़ मुआवजा देने, ध्वस्त मकान का गृह निर्माण कराने की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं और सरकार से आग्रह है कि योजना आयोग एक टीम खगड़िया लोक सभा क्षेत्र में भेजे और बाढ़ को रोकने के लिए एक योजना तैयार करने एवम् सुरक्षा तटबंध अविलम्ब सुदृढ़ करने की कृपा करे।